# झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण विकास विभाग।

### संविदा पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

राज्य मनरेगा कोषांग, झारखण्ड, राँची में संविदा आधारित निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 06.02.2025 के संध्या 06:00 बजे तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | रिक्त पद की कोटिवार विवरणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | विशेष कार्य पदाधिकारी (अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी) | 03 (तीन) | अनारक्षित – 01 एवं अनुसूचित जनजाति – 02 |
| 2 | राज्य MIS Nodal पदाधिकारी | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 3 | सहायक अभियंता | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 4 | सहायक वन संरक्षक | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 5 | मीडिया–सह–प्रशिक्षण पदाधिकारी | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 6 | लेखापाल | 01 (एक) | अनारक्षित |

- विभाग द्वारा offline आवेदन स्वीकृत किये जायेंगे।
- विस्तृत जानकारी, महत्वपूर्ण निर्देश तथा offline आवेदन प्रपत्र वेबसाइट – https://www.jharkhand.gov.in/MGNREGA के Recruitment पर देखा जा सकता है।
- Offline आवेदन दिनांक 06.02.2025 के संध्या 06:00 बजे तक मनरेगा आयुक्त कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, प्रथम तल, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची, झारखण्ड – 834004 में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक अथवा हाथो–हाथ जमा किया जा सकता है।

**( अरूण कुमार सिंह )**
**सरकार के अपर सचिव।**

# झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण विकास विभाग।
### संविदा पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

ग्रामीण विकास विभाग के अधिसूचना संख्या – 7124 दिनांक 30.09.2010 में निहित प्रावधानों के आलोक में राज्य मनरेगा कोषांग, झारखण्ड, राँची के लिये सरकार के द्वारा सृजित निम्नांकित रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दिनांक 06.02.2025 के संध्या 06:00 बजे तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों के लिये वेतनमान एवं ग्रेड–पे तथा अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैं :–

| क्र0 | पद का नाम | पद की संख्या एवं श्रेणी | वेतनमान तथा ग्रेड पे | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | विशेष कार्य पदाधिकारी (अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी) | 03 (तीन) (अनारक्षित – 01, अनुसूचित जनजाति – 02) | 15,600–39,100 (ग्रेड पे – 6,600) | **राज्य सरकार के सेवा निवृत पदाधिकारी के लिये –** राज्य प्रशासनिक सेवा/ सहायक संयुक्त संवर्ग से प्रोन्नत अवर सचिव स्तर के सेवा निवृत्त पदाधिकारी, जिन्हें राज्य सरकार के कार्य (विशेष कर विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का) का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो। **बाह्य व्यक्तियों के लिये –** किसी भी संकाय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ Deemed विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रथम श्रेणी के पद पर न्यूनतम पाँच वर्षों का कार्यानुभव अनिवार्य होगा। |
| 2 | राज्य MIS Nodal पदाधिकारी | 01 (एक) (अनारक्षित) | 15,600–39,100 (ग्रेड पे – 6600) | AICTE से मान्यता प्राप्त अभियंत्रण संस्थान से Computer Science में B.Tech (दो वर्ष का कार्य अनुभव सहित) **या** AICTE से मान्यता प्राप्त अभियंत्रण संस्थान से Computer Science में M.Tech **अथवा** सरकारी मान्यता प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठित संस्थान से MCA (तीन वर्ष का कार्य अनुभव सहित)। |
| 3 | सहायक अभियंता | 01 (एक) (अनारक्षित) | 9,300–34,800 (ग्रेड पे – 5,400) | सहायक अभियंता स्तर के सेवा निवृत पदाधिकारी जिन्हें राज्य सरकार के कार्य (विशेषकर विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का) का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो। **अनुपलब्धता की स्थिति में –** AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 60% अंक के साथ B.Tech (Civil) में उत्तीर्णता के साथ किसी सरकारी संस्था अथवा ख्याति प्राप्त गैर सरकारी संस्था से न्यूनतम तीन वर्ष का कार्य अनुभव हो। |
| 4 | सहायक वन संरक्षक | 01(एक) (अनारक्षित) | 9,300–34,800 (ग्रेड पे – 5,400) | सहायक वन संरक्षक स्तर के सेवा निवृत पदाधिकारी, जिन्हें राज्य सरकार के कार्य (विशेषकर वन संरक्षण कार्यकलापों का) का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो। **अनुपलब्धता की स्थिति में –** मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंक के साथ Forestry में स्नातक उत्तीर्णता के साथ किसी सरकारी संस्था अथवा ख्याति प्राप्त गैर सरकारी संस्थान से न्यूनतम तीन वर्ष का कार्य अनुभव हो। |
| 5 | मीडिया–सह –प्रशिक्षण पदाधिकारी | 01 (एक) अनारक्षित | 9,300–34,800 (ग्रेड पे – 4,200) | सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से Mass Communication में स्नातकोत्तर के साथ–साथ किसी सरकारी/गैर सरकारी संस्था में तीन वर्ष का कार्य अनुभव हो। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | लेखापाल | 01 (एक) अनारक्षित | 5,200–20,200 (ग्रेड पे – 2,400) | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से बी0कॉम ऑनर्स न्यूनतम 55% अंक से उत्तीण होना अनिवार्य योग्यता होगी। |

**आयु सीमा :–** बाह्य / स्वतंत्र (Fresher) अभ्यर्थियों के लिये वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित एवं प्रवृत्त आदेश। सेवा निवृत सरकारी सेवकों के मामले में उम्र सीमा 65 वर्ष से न्यून होगी। आयु की गणना दिनांक 01.01.2025 होगी।

**महत्वपूर्ण निर्देश :–**

1. योग्य अभ्यर्थी विहित प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र अपेक्षित शैक्षणिक प्रमाण पत्रों (testimonials) एवं कार्य अनुभव (जहाँ आवश्यक हो) की स्व अभिप्रमाणित प्रति के साथ आवेदन करेंगे।

2. स्थानीयता के मामले में वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित एवं प्रवृत आदेश लागू होंगे।

   आवेदन के साथ सक्षम स्तर से निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. इन पदों पर नियुक्ति पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त अभ्यर्थी को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार पर कोई दायित्व नहीं होगा।

4. मासिक संविदा राशि का निर्धारण :–

   (क) संविदा पर नियुक्त सेवा निवृत सरकारी कर्मियों को वित्त विभाग, झारखण्ड के संकल्प संख्या – 928 / वि0 दिनांक 06.04.2022 के द्वारा सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अंतिम मूल वेतन घटाव मूल पेंशन की राशि के समतुल्य नियत मासिक मानेदय / वेतन (Fixed Pay) की राशि अनुमान्य होगी। उक्त नियत मानदेय / वेतन (Fixed Pay) की राशि पर महँगाई भत्ता एवं वार्षिक वेतनवृद्धि अनुमान्य नहीं होगा परन्तु पेंशन पर महँगाई राहत का भुगतान होता रहेगा। अनुमान्यता के आधार पर आवास किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ता वित्त विभागीय संकल्प संख्या – 1243 दिनांक 28.04.2016 के अनुसार ही अनुमान्य होंगे। उक्त भत्ता के अलावा कोई भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

   (ख) बाह्य अभ्यर्थियों (Fresher) के लिये मासिक संविदा राशि का निर्धारण वित्त विभागीय संकल्प संख्या – 965 / वि0 दिनांक 25.03.2009 एवं संकल्प संख्या – 422 / वि0 दिनांक 18.02.2022 के आलोक में किया जायेगा। इसके तहत धारित पद के वेतनमान के प्रारंभिक प्रक्रम एवं ग्रेड पे का योग, इस योग पर 196% महंगाई भत्ता, अनुमान्य परिवहन भत्ता एवं चिकित्सा भत्ता के योग के समतुल्य होगा। भविष्य में वित्त विभाग, झारखण्ड द्वारा संविदा कर्मियों के लिये महंगाई भत्ता की दर में किया गया संशोधन उक्त निर्धारण पर भी प्रभावी होगा।

5. सेवा निवृत पदाधिकारियों के लिये प्रारंभिक चरण में यह नियुक्ति एक वर्ष के लिये की जायेगी तथा इस अवधि के पूर्ण होने के पूर्व नियुक्ति के लिये गठित विभागीय नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यों की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अवधि विस्तार अधिकतम दो बार एक–एक वर्ष के लिये किया जा सकेगा। सेवानिवृत कर्मियों की संविदा आधारित कार्यरत अवधि उनकी 65 वर्ष की आयु की पूर्णता अथवा 03 वर्ष तक (1+1+1) संविदा आधारित नियोजन, जो भी पहले हो, से अधिक नहीं होगी।

6. संविदा कर्मियों को राज्य सरकार के कर्मियों के अनुरूप आकस्मिक अवकाश अनुमान्य होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी तरह का अवकाश देय नहीं होगा।

7. सेवा निवृत संविदा कर्मियों को उनकी सेवानिवृति के समय प्राप्त ग्रेड वेतन के अनुसार यात्रा भत्ता अनुमान्य होगा।

8. आवेदक अपनी योग्यता अनुरूप एक या एक से अधिक पदों के लिये अलग–अलग आवेदन दे सकेंगे।

9. Shortlisted अभ्यर्थियों को राज्य मनरेगा कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, राँची में साक्षात्कार/दक्षता परीक्षा के लिये आमंत्रित किया जायेगा। तालिका के क्रमांक 1 से 4 में अंकित पदों के लिए साक्षात्कार तथा क्रमांक 5 से 6 में अंकित पदों के लिए दक्षता परीक्षा ली जाएगी।

10. उक्त पद की नियुक्ति की प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द करने एवं अंतिम निर्णय लेने का अधिकार विभाग में अक्षुण्ण होगा।

11. आवेदन दिनांक 06.02.2025 के संध्या 06:00 बजे तक मनरेगा आयुक्त, राज्य मनरेगा कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, प्रथम तल, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची – 834004 में स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक अथवा हाथो–हाथ प्रेषित किया जा सकता है।

12. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

16/01/2025

**( अरूण कुमार सिंह )**
**सरकार के अपर सचिव।**

Self attested passport size photograph

# Application Format

**Name of the post applied for** : ..................................................

**Name of the candidate (in block letter)** : ..................................................

**Date of Birth** : ..................................................

**Father's/ Husband's Name** : ..................................................

**Permanent Address** : ..................................................

..................................................

..................................................

**Address for correspondence** : ..................................................

..................................................

..................................................

**Mobile No.** : ..................................................

**E-mail ID** : ..................................................

**Category** : ..................................................

**Educational Qualifications :**

| Name of the Board/ University | Examination Passed | Year of passing | Class/ Division | % of Marks obtained | Name of subjects |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**Work Experience :**

| S.N. | Organization name | Designation | Starting working date | Last working date | Total Experience (YY/MM/DD) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**Total Experience - Year ......................Month ..................................Day.......................**

**Attached all related documents (Self Attested)**

I hereby declare that all the information given in the application form above is true and correct to the best of my knowledge. If any information is found false or incorrect at any stage of the selection process or even after selection/appointment to the post, my candidature can be cancelled and I shall be liable to be convicted.

Date :-

Place :-

**Full Signature of the candidate.**